## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–11.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव–सशक्त किस्में जारी की। इस दौरान श्री मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष नीति बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कलाकार झारखंड की कला–संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ाने का काम उनकी सरकार करेगी।

*****************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी के विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रशिक्षण वर्ग का उदघाटन कर महत्वपूर्ण निर्देश और सुझाव दिये। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।

*****************

रांची दौरे के क्रम में भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान समसामयिक राजनीतिक विषयों पर दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेता भी मौजूद थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सरमा ने कहा कि आजसू पार्टी एनडीए का प्रमुख घटक दल है। भाजपा और आजसू पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव बेहतर तालमेल के साथ लड़ेंगे। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भी बातचीत को सकारात्मक बताया।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आईईडी विस्फोटक बरामद किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान दूसरी बार सुरक्षा बलों को ये सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सारंडा क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के दौरान छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र में तिरिलपोसी के पास 5 किलोग्राम का एक आईईडी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से आईईडी को जंगल में ही नष्ट कर दिया गया।

*****************

सिमडेगा पुलिस ने आपराधिक घटनाओं के सही और सटीक अनुसंधान की पहल की है।

*****************

कोडरमा जिले की पुलिस ने बीमारी ठीक करने के नाम पर जेवरात की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी बिहार के नवादा जिले के बुदेलखंड थाना क्षेत्र से हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 10 लाख रुपये के जेवरात भी बरामद किये हैं।

*****************

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने कल पेरिस में निशानेबाज अभिनव बिन्द्रा को ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया। यह पुरस्कार ओलंपिक में असाधारण प्रदर्शन के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

*****************

पेरिस ओलंपिक का समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढे 12 बजे शुरू होगा। समारोह में कई जाने–माने अभिनेता और कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समापन समारोह में परेड के लिए भारत से दो बार ओलंपिक पदक विजेता पी.आर. श्रीजेश और मनु भाकर को चुना गया है।

*****************

खूंटी जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र में वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में दो युवतियों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गये। एक अन्य घटना में रांची जिले बुंडू अनुमंडल के सोनाहातु में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

*****************

राज्य के पिछले 24 घंटे के दौरान मॉनसून गतिविधि सामान्य रही। गढ़वा के धुरकी में सर्वाधिक 81.3 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। आज और कल कई इलाकों में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। रांची समेत कई जिलों में आज सवेरे से अच्छी बारिश हो रही है, जिससे किसानों के चेहरे खिल गये हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिकों ने 14 अगस्त को राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।